छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351
डाक पंजीयन क्र. 046/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 07 ■ अंक - 44 ■ बैकुंठपुर, शुक्रवार 06 नवम्बर 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के नारे के साथ भाजपा ने निकाली पदयात्रा

- भगत सिंह तिराहे से शुरू हुई पदयात्रा खेड़िया तिराहे पर हुई संपन्न

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित कई दिग्गज नेता हुए शामिल



छ.ग.फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे के साथ पदयात्रा का आयोजन किया गया। भगत सिंह तिराहे से शुरू हुई इस पदयात्रा में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले तथा सरगुजा प्रभारी एवं पूर्व विधायक अवधेश चंदेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। पदयात्रा में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक और आम नागरिक मौजूद रहे। पदयात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में विभिन्न नारों और संदेशों से लिखी तख्तियां लेकर कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ आगे बढ़े और नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र की रक्षा तथा अराजकता के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक रेणुका सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले एवं पूर्व विधायक अवधेश चंदेल सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने आयोजन को विशेष स्वरूप दिया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए पार्टी के राजनीतिक संदेश को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया। भगत सिंह तिराहे से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेड़िया तिराहे पहुंची।

यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समीप पहुंचकर भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात पदयात्रा का समापन किया गया। इस दौरान आमसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्यमंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस झूठ फैलाकर सत्ता पाना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा अराजकता फैलाने के तीन उदाहरण सभी के सामने रखा। श्री जायसवाल ने कहा कि जब एक बात को कई बार बोला जाता है तो झूठ भी सच लगने लगता है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के इस मंसूबे को कामयाब नहीं होने देगी और लोकतंत्र के बचाव में सड़को पर उतरकर आम जनता को कांग्रेस के षडयंत्र का खुलासा करेगी। आज की यह आमसभा और पदयात्रा लोकतंत्र को बचाने और अराजकता हटाने के लिए है। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी और उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन के माध्यम से भाजपा ने लोकतंत्र बचाने और अराजकता के खिलाफ अपना राजनीतिक संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

कांग्रेस देश में अराजकता का माहौल निर्मित करने व लोकतंत्र को कमज़ोर करने में लगी हुई है : रेणुका सिंह

भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने की विशाल पदयात्रा



छ.ग.फ्रंटलाइन

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। जिस तरह मछली को पानी से बाहर निकालने पर मछली छटपटाने लगती है उसी तरह कांग्रेस सत्ता से बाहर होने पर छटपटाने लगती है। देश में जब जब लोकतंत्र कमजोर हुआ है कांग्रेस के कारण हुआ है। कांग्रेस देश में अराजकता का माहौल बनाने व लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। हमारी सत्ता सरकार होने के बाद भी लोकतंत्र को बचाने पदयात्रा कर कांग्रेस के आंदोलन का जबाब दिया गया है कांग्रेस के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह ने गुरुवार को भाजपा द्वारा आयोजित हुंकार रैली लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि भाजपा नहीं बल्कि कांग्रेस लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी हुई है और देश की जनता को गुमराह करने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर में आंदोलन कर रही है। कांग्रेस के झूंठ को बेनकाब करने के लिए देश व प्रदेश के भाजपा संगठन के निर्देश पर लोकतंत्र की रक्षा करने के भाजपा द्वारा पैदल मार्च किया गया और यह संदेश दिया गया कि कांग्रेस के मंसूबे को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। विधायक रेणुका सिंह ने वोट चोरी के मामले में कहा कि कांग्रेस ने ही ईवीएम की शुरुआत की थी। कांग्रेस ही वोट की चोरी करती है वोट चोरी करने का कांग्रेस का इतिहास रहा है।

SIR 2026 में मतदाता सूची की बड़ी चूक, केल्हारी के दीपू का नाम बदलकर दर्ज हुआ 'तुर्राटोला'

मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)। विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ङ्क) 2026 के तहत प्रकाशित मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर एक चौंकाने वाली विसंगति सामने आई है। ग्राम केल्हारी निवासी दीपू, पिता सजनलाल का नाम मतदाता सूची में 'दीपू' के स्थान पर 'तुर्राटोला' दर्ज कर दिया गया है। इस मामले ने निर्वाचन विभाग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को लेकर भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने निर्वाचन विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर मतदाता सूची तैयार करने के दौरान ऐसी गंभीर गलती कैसे हो गई? क्या नामों का सत्यापन किए बिना ही मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई? जब संबंधित व्यक्ति का नाम दीपू है, तो मतदाता सूची में उसका नाम 'तुर्राटोला' कैसे दर्ज हो गया? गुलाब कमरो ने सवाल किया कि ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाता अपनी पहचान के आधार पर मतदान कैसे कर पाएगा? इस गंभीर त्रुटि की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य टंकण त्रुटि नहीं, बल्कि मतदाता की पहचान से जुड़ा गंभीर मामला है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। पूर्व विधायक ने कहा कि जब एक पंचायत में मतदाता सूची की ऐसी स्थिति सामने आ रही है, तो पूरे जिले की मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में यदि अन्य स्थानों पर भी ऐसी गड़बड़ियां मिलती हैं, तो उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाना चाहिए। गुलाब कमरो ने राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे।

'मेरा वोट, मेरी आवाज' प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हुए जागरूक


मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)। शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) द्वारा 'मेरा वोट, मेरी आवाज' विषय पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में आयोजित प्रतियोगिताओं का



उद्देश्य विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मताधिकार के महत्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब के समन्वयक शरणजीत कुजूर के निर्देशन तथा आयोजन समिति के प्रभारी रंजीत मणि सतनामी एवं अनुपा तिग्गा के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर की संजना कश्यप ने प्रथम एवं बी.ए. पंचम सेमेस्टर के अनिरुद्ध पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की दिशा लकड़ा प्रथम तथा बी.एससी. पंचम सेमेस्टर के सुनील सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान के अधिकार एवं निष्पक्ष चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने ज्ञान और विचारों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया।



ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। अंबिकापुर-अनूपपुर रेल मार्ग पर गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई है। मृतक की पहचान जेएमक्यू कॉलोनी बिश्रामपुर निवासी द्वारिका प्रसाद सोनी पिता पृथ्वीनाथ सोनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब सवा नौ बजे स्टेट बैंक बिश्रामपुर के पीछे रेलवे ट्रैक के किनारे एक वृद्ध का शव पड़ा होने की सूचना रेलकर्मी ने बिश्रामपुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए। आसपास के लोगों ने शव की पहचान द्वारिका प्रसाद सोनी के रूप में की। बिश्रामपुर पुलिस के अनुसार मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में कोई स्पष्ट चोट नहीं पाई गई है। बताया जा रहा है कि उन्हें कम सुनाई देता था। आशंका जताई जा रही है कि रेलवे ट्रैक के किनारे चलते समय ट्रेन के झटके अथवा टक्कर से उनके सिर में चोट लगी होगी, जिससे वृद्ध की मौत हो गई है। घटना के समय उक्त रेलवे मार्ग से अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन के गुजरने का अनुमान है, हालांकि हादसा किस ट्रेन से हुआ, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

बिजली ट्रांसफार्मर व केबल तार चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा के दिशा-निर्देशन में थाना उदयपुर पुलिस ने बिजली ट्रांसफार्मर और केबल तार चोरी करने वाले गिरोह के 2 शातिर आरोपियों को गिर तार किया है।

आरोपियों से 6 मामलों का खुलासा हुआ है और पिकअप वाहन व नगदी समेत करीब 10 लाख रुपये का चोरी का सामान जब्त किया गया है। इनसे चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त 76,900 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, ट्रांसफार्मर तांबा कॉइल, केबल वायर, क्ले प, कनेक्टर, लोहे का एंगल, वायरिंग बॉक्स, स्टे रॉड, स्टे वायर, धीरी, लोहे की पट्टी व अन्य सामान बरामद करने में पुलिस सफल हुई है। केबल चोरी के मामलों में थाना उदयपुर में 1, थाना लखनपुर में 2, थाना कमलेश्वरपुर में 3 अपराध दर्ज हैं।

जानकारी के मुताबिक, 04 नव बर को अलसुबह 3-4 बजे के बीच ग्राम गुडगांव थाना उदयपुर

6 मामलों का खुलासा, 10 लाख का सामान जब्त

में बिजली गुल होने पर राजकुमार बाहर निकला तो देखा कि 2-3 लोग बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर रहे हैं। उसने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी, इसके बाद ग्रामीणों ने मौके पर एक आरोपी जसीम खान को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी भाग निकले। चोरी गए ट्रांसफार्मर की कीमत लगभग 35 हजार रुपये है। मामले में धारा 305(ई), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

मामले को संज्ञान में लेकर डीआईजी एवं एसएसपी राजेश



अग्रवाल ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। थाना उदयपुर पुलिस ने मौके से पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की, जिसने अपना नाम जसीम खान पिता स्व. रशीद खान 28 वर्ष निवासी ग्राम हरिगवां थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज बताया। आरोपी ने अपने साथी मो. तशरीफ खान व अन्य के साथ मिलकर चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। फरार आरोपी की पतासाजी कर पुलिस ने मो. तशरीफ खान पिता मो. जलील खान 35 वर्ष निवासी हरिगवां थाना रघुनाथनगर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज को पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 4079 के साथ गिर तार किया।

पुलिस के अनुसार गिर तार आरोपी शातिर किस्म के हैं और उनके विरुद्ध पूर्व में भी कई अपराध पंजीबद्ध हैं। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर धारा 111 बीएनएस जोड़ी गई है और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मामले में अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, प्रशिक्षु उप निरीक्षक भीखम लाल साहू, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, संजय नागेश, आरक्षक मनीष सिंह, अमन पुरी, अजय शर्मा, रविन्द्र, हेमंत एवं सैनिक नीरज सक्रिय रहे।

अस्पताल में दादी की देखभाल को लेकर परिवार में ही विवाद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में बीमार दादी व नानी के पास कौन रुकेगा, इस बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई है। बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि 4 नवंबर की शाम करीब 5 बजे सीएचसी बिश्रामपुर में घटी है। सोनिया मौर्य की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नर्स ने कहा कि अंदर सिर्फ एक व्यक्ति रह सकता है, बाकी बाहर चले जाएं। यहीं से विवाद शुरू हुआ। प्रार्थिया आरटीआई कालोनी निवासी पूजा मलिक ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि जब उन्होंने अपने पति पीयूष से कहा कि वे रुक जाएं, तो रागिनी मोगरे बोलीं कि वह रुकेंगी। इसके बाद रागिनी, उनकी मां ललिता और मनु मलिक तीनों एकजुट होकर पूजा और पीयूष को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। रागिनी ने मारपीट कर दिया है। पूजा के दाहिने हाथ और सिर में चोट आई, पीयूष के चेहरे और सिर में चोटें आई है। वहीं दूसरी ओर प्रार्थिया माइनस कालोनी निवासी रागिनी मोगरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वही दादी के पास रुकने जा रही थीं। पीयूष मलिक ने उन्हें मां-बहन की गंदी गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के तथा चप्पल से मारपीट की। साथ ही उनकी मां को भी गाली देकर धक्का दिया। रागिनी के गले के पास छाती और सिर में चोटें आईं।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाया है। परिवार के सदस्यों के बीच बीमार बुजुर्ग महिला की देखभाल को लेकर छोटी-सी बात इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्ष पुलिस थाने पहुंच गए। बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों शिकायतों पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पोल्ट्री फार्म से मुर्गा चोरी, ग्रामीण ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा

भैयाथान। छ.ग. फ्रंटलाइन। सूरजपुर जिले के थाना झिलमिली के चेन्द्रा चौकी अंतर्गत ग्राम पकनी ठाकुरपारा में बीती रात पोल्ट्री फार्म से मुर्गा चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा और फार्म के संचालक को इसकी सूचना दी। बाद में आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, अमित तिर्की ग्राम पकनी ठाकुरपारा में पोल्ट्री फार्म का व्यवसाय है। उसका फार्म घर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। 2 नवंबर की शाम 6 बजे वह फार्म बंद करके घर चला गया था। 3 नवंबर की रात करीब 3 बजे गांव के ही राहुल ठाकुर ने फोन पर बताया कि गांव का मोहर साय प्रजापति उसके पोल्ट्री फार्म का जाली तोड़कर मुर्गा चोरी करके ले जा रहा था, जिसे उन्होंने पकड़कर रखा है। सूचना पर पीड़ित तुरंत पोल्ट्री फार्म पहुंचा तो जाली टूटी मिली और 800 रुपये का 2 मुर्गा गायब था।

राहुल ठाकुर ने आरोपी मोहर साय प्रजापति को 2 मरे हुए मुर्गों के साथ पकड़कर रखा था। इन्होंने आरोपी को बरामद मुर्गों के साथ पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने किया कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली के कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य से माता राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा ले जाया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा, आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों एवं कृषि से संबंधित व्यावहारिक जानकारियों से



अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है तथा कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है।

शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के व्यावसायिक कृषि शिक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं सहायक शिक्षिका आकांक्षा गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा में डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. पैकरा एवं अन्य वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को कृषि की नवीन तकनीकों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी प्रदान की गई।

विद्युतकर्मी पर रॉड से हमला करके जान से मारने की दी धमकी

रामानुजनगर। छ.ग. फ्रंटलाइन। थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में ड्यूटी से लौट रहे विद्युत विभाग के कर्मचारी पर रास्ता रोककर रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, ज्ञान प्रकाश साहू (33) पिता राम कृपाल साहू ग्राम नारायणपुर का रहने वाला है, और नगर पंचायत पटना जिला कोरिया में विद्युत विभाग में लाइन परिचायक के पद पर पदस्थ है। 3 नवंबर की शाम को 5.30 बजे रोज की तरह वह ड्यूटी खत्म करके मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। यादवपारा में सड़क खराब होने के कारण वह धीरे चल रहा था। तभी मनोज यादव के घर के पास विकास यादव उर्फ विक्की पिता मनोज यादव ने दौड़कर उसका रास्ता रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली देने लगा। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के रॉड से सिर पर हमला किया, जो बचाव में दाहिने हाथ की कोहनी पर लगा और चमड़ी फट गई। इसके बाद आरोपी उसे कुछ दूर तक दौड़ाया और धमकाया कि अगली बार इस रास्ते से आने पर फरसा से काट देगा। किसी तरह भागकर पीड़ित ने घर पहुंचकर स्वजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 126(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

पोड़ी में एसईसीएल ने चलाया सतर्कता जागरूकता अभियान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा आरजीके उपक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी में निवारक सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह एवं आरजीके उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों, पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक आकर्षण का केंद्र रहा। इसके माध्यम से भ्रष्टाचार की रोकथाम, सार्वजनिक कार्यों में पारदर्शिता और नागरिकों की जिम्मेदारियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक में मुख्य सतर्कता अधिकारी की भूमिका एवं सतर्कता विभाग के दायित्वों को भी दर्शाया गया। साथ ही संदेश दिया गया कि भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण केवल किसी विभाग की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर केतकी भूमिगत खदान के खान प्रबंधक विनम्र जैन, गायत्री भूमिगत



खदान के खान प्रबंधक जेडी सिंह, रेहर भूमिगत खदान के खान प्रबंधक कृष्ण कुमार, क्षेत्रीय नोडल अधिकारी आशीष बेजल, जयशंकर यादव, सतीश वर्मा एवं अजय साहू सहित श्रेयांश दुबे और नीतीश कुमार सिंह के अलावा पोड़ी सरपंच खिलानंद सिंह, जोबगा सरपंच हितेंद्र सिंह एवं उपसरपंच सोनकुंवारी सहित जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोड़ी के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भी आयोजन में भाग लिया। विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया गया। वहीं ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने तथा सार्वजनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने सतर्कता जागरूकता को कार्यालयों और कार्यस्थलों से आगे बढ़ाकर ग्रामीण एवं शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचाने की पहल की। समापन अवसर पर ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता के मूल्यों को अपनाकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया।

बहन से मिलने जा रहे युवक की बाइक सीढ़ी से टकराई, मौत

अंबिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन। दो सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, एक घायल हो गया। पहली घटना शहर के महुआपारा में बुधवार की रात हुई। मृतक अपनी बड़ी बहन से मिलने अंबिकापुर आया था, और बहन के घर से महज 50 मीटर पहले उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने घर की सीढ़ी से टकरा गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

जानकारी के मुताबिक, मृतक प्रतीक टोप्पो पिता स्व. विजय टोप्पो 21 साल, डिपार्टमेंटल कॉलोनी खोली नंबर 458, विश्रामपुर, जिला सूरजपुर का रहने वाला था, और तीन बहनों के बीच इकलौता छोटा भाई था। उसकी एक बहन सोनाली फिलिप की शादी अंबिकापुर के महुआपारा में हुआ है। मृतक की बड़ी बहन शिल्पा टोप्पो ने बताया कि 4 नवंबर की शाम करीब 7 बजे छोटा भाई प्रतीक महुआपारा में दीदी सोनाली से मिलने जा रहा हूं, कहकर मोटरसाइकिल से विश्रामपुर से निकला था।

बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

सूरजपुर जिले में बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, एक घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिला के जयनगर थाना अंतर्गत कोइरापारा लटोरी निवासी शीतला प्रसाद कुशवाहा पिता गणेश प्रसाद कुशवाहा 40 वर्ष, कोयला खदान में गार्ड का काम करता था। 4 नव बर को दोपहर करीब एक बजे वह घर से मोटरसायकल में ड्यूटी जाने के लिए निकला था। अपरान्ह 3 बजे वह फोन करके अपने बड़े भाई मनोज कुमार कुशवाहा को बताया कि, सूरजपुर के ग्राम परसापारा में सामने से आ रहे बाइक सवारों ने टक्कर मार दिया है, जिसमें उसका साथी भी घायल हो गया है। घायलों को सूरजपुर जिला अस्पताल लाया गया, यहां से मरहम पट्टी के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए घायल को रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर संबद्ध जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

बहन के घर से 50 मीटर पहले हुआ हादसा

रात करीब 12.05 बजे महुआपारा में रहने वाली बहन सोनाली फिलिप ने फोन करके बताया कि प्रतीक का एक्सीडेंट उसके घर पहुंचने से पहले ही रोड पर हो गया है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य रात में ही अंबिकापुर पहुंचे तो पता चला कि उसे होलीक्रॉस अस्पताल ले गए हैं। यहां आने पर प्रतीक के मौत की खबर मिली। उसका शव इमरजेंसी वार्ड में रखा था।

शोर सुनकर बाहर निकली बहन तो उड़ गए होश

बहन सोनाली फिलिप ने बताया कि रात में मोहल्ले में शोर सुनकर वह घर से बाहर निकली और मौके पर गई तो प्रतीक मोटरसाइकिल से गिरा पड़ा था। उसके सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोट लगी थी और खून निकल रहा था। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि वह खुद ही मोटरसाइकिल चलाते हुए अनियंत्रित हो गया और रोड किनारे बने घर की सीढ़ी में जा टकराया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर ली है।

सरगुजा ने जांजगीर-चांपा को 227 रनों से हराकर फाइनल में बनाई जगह

गगन और चिराग के शानदार शतकों से बना विशाल स्कोर, गेंदबाजों ने भी बरपाया कहर

अंबिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप वनडे इंटर-डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 के सेमीफाइनल मुकाबले में सरगुजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जांजगीर-चांपा को 227 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 300 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सरगुजा की ओर से गगन बोस ने 119 गेंदों में 114 रन और चिराग राजवाड़े ने 111 गेंदों में 110 रन की शतकीय पारी खेली। दोनों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हर्षवर्धन एस. चंदेल ने 34 गेंदों में 37 रन तथा



स्वस्तिक केशरी ने 29 गेंदों में 24 रन का योगदान दिया। 301 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जांजगीर-चांपा की टीम सरगुजा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 25 ओवर में 73 रन पर ऑलआउट हो गई। सरगुजा की ओर से नीलोत्पल प्रथिभ ने 8 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट, सुन्नी ओझा ने 8 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट तथा स्वस्तिक केशरी और प्रिंस कुशवाहा ने 1-1 विकेट हासिल किए। दिव्यांश ने एक बल्लेबाज को रन आउट किया।

संघ के अध्यक्ष ने बढ़ाया हौसला

सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंह देव ने टीम की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंडर-14 खिलाड़ियों ने अपने खेल, अनुशासन और सामूहिक प्रयास से जिले का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने दोनों शतकवीर बल्लेबाजों सहित पूरी टीम की सराहना करते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। संघ के कोषाध्यक्ष शैलू सिंह ने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और बेहतर तैयारी का परिणाम है। सेमीफाइनल में जिस आत्मविश्वास और एकजुटता के साथ खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया है, उससे फाइनल में भी अच्छे परिणाम की उ मीद है।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

अंबिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, सामुदायिक भवन परिसर, बाबूपारा में 5 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले ने की। समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के प्रभारी डॉ. रामाशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के अधिकारी, कर्मचारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. लाकपाले ने दीपावली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी प्रेम,



सद्भाव, सहयोग एवं एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि, ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने तथा पारिवारिक एवं आत्मीय वातावरण विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। समारोह में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द और उल्लास के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. नीरज, सामुदायिक भवन प्रभारी अधिकारी डॉ. रामाशीष तिवारी, हिंदी विभाग की डॉ. प्रिया राय, अधिकारी, अतिथि व्या याता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. हर्षदीप सिंह धन्जल ने किया। समारोह का समापन दीपावली की शुभकामनाओं एवं आपसी सद्भाव की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

SINCE-2005

सोना महल®

विश्वास परंपरा का...

Most Popular Showroom of Jharkhand 2024

HALLMARK An ISO 9001:2015 Certified Company

इस फेस्टिव मनाएँ

स्वर्णोत्सव

सोना-चांदी, हीरे-पोल्की और खुशियों का जश्न

सबसे कम मेकिंग चार्ज, हर गहना आपके बजट में!

FLAT

8.50%

MAKING CHARGES ON HALLMARK GOLD JEWELLERY

On Diamond Purchase of ₹ 50,000 or Above

Silver Coin FREE



सोने की शुद्धता हेतु कैरेटमीटर द्वारा मुफ्त जांच

SONA MAHAL PROMISES

संपूर्ण पारदर्शिता | आजीवन फ्री मेंटेनेंस | गोल्ड एक्सचेंज पर | बायबैक की गारंटी | BIS 916 हॉलमार्क वाला शुद्ध सोना | जांचे-परखे हुए प्रमाणित हीरे | FREE JEWELLERY INSURANCE

DALTONGANJ
Pandey Complex, Thana Road 9905230566
Star City Mall, Panch Muhan Chowk 9263648339

LATEHAR
1st Floor, Star City Mall
Barwadih 8757487892

AMBIKAPUR
Sadar Road, Mahamaya Chowk
Ambikapur 9771939632

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दरीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर

सम्पादकीय

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं

लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी



पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन मेवा के लिए और सिर्फ अपनी नेम प्लेट के लिए दलबदल कर बैठा है। चुनाव आएगा तो जनता इन दुकानों का शटर खुद ही गिरा देगी।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विधि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

> लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा



33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया' नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है । इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं रूपवर्ज अर्थात जोड़ने वाले और 'उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैंः- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है।



संकलित

दर्शन

संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग



किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक



संकलित

प्रेरणा

ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

- राजेश शर्मा, हिसार

ट्रेंड

पिंक लाइन



पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं



तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक



बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा



भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत

अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ' 'यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।



ऑफ बीट

अब बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।



भाजपाध्यक्ष नवीन ने गोरखपुर में निकाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा

विपक्ष एसआईआर और ईवीएम पर सवाल उठा चुनावी हार के लिए बहाना बना रहा, हार से सबक नहीं सीखते

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे एसआईआर और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठाकर अपनी चुनावी हार के लिए बहाना बना रहे हैं। नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखे कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं ने ऐसे 'राजकुमारों' को खारिज कर दिया है। गोरखपुर में पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के दो 'राजकुमारों' (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) के कारनामे ऐसे रहे हैं, जिन्हें राज्य और देश की जनता आज भी याद रखती है। राहुल को 'पार्ट-टाइम राजनेता' बताते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि वे केवल चुनावों के दौरान ही राजनीतिक रूप से सक्रिय होते हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ता पूरे साल जनसेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने विपक्षी पर यह आरोप लगाया कि वे चुनावी नतीजों को स्वीकार करने के बजाय निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हैं और ईवीएम में हेराफेरी का आरोप लगाते हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे चुनावी हार से कोई सबक नहीं सीखते, बल्कि बहाने बनाने के साथ 'घड़ियाली आंसू' बहाते हैं।

नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखे कटाक्ष किए

राहुल को बताया 'पार्ट-टाइम राजनेता'



ईवीएम मामले में राहुल ने एक भी प्रमाण नहीं दिए, मैदान छोड़ा

रामलीला मैदान में एक नवंबर को विपक्ष की रैली का जिक्र करते हुए, उन्होंने दावा किया कि वहां उतनी भीड़ भी नहीं जुटी, जितनी आयोजकों ने उम्मीद की थी। यह उम्मीद की गई भीड़ का 10 प्रतिशत भी नहीं थी। एनडीए के सहयोगी देशभर में विशाल मार्च निकाल रहे हैं, जो ताकत और जनता के समर्थन को दर्शाता है।

नाम कटने का दिया ब्योरा

नवीन ने आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि इनमें से 2.5 करोड़ नाम उन लोगों के थे जिनका निधन हो चुका है, और लगभग 6 करोड़ नाम उन लोगों के थे जो अपने पंजीकृत पते से कहीं और चले गए हैं। उन्होंने 3 करोड़ से अधिक ऐसे लोगों का भी जिक्र किया, जिनके पते की पुष्टि नहीं हो सकी।

रालोद प्रमुख जयंत ने कहा

लोकतंत्र बचाओ रैली पूरे भारत की आवाज बन रही



केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बुधवार को कहा कि गोरखपुर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली पूरे देश की आवाज है और यह केवल शहर या पूर्वांचल क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

रवि किशन ने विपक्ष को घेरा

विपक्ष भारत में दंगे और बम धमाके वापस चाह रहा



सांसद रविकिशन ने विपक्ष पर देश में दंगे और बम धमाकों का दौर लाने की मंशा रखने का आरोप लगाते हुए कहा विपक्ष प्रधानमंत्री की चुनावी जीत और भाजपा की बढ़ती ताकत को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान ये आरोप लगाए।

भाजपा की प्रयागराज में पदयात्रा

सिविल लाइंस में कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने के नारे लगाए



प्रयागराज। भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि राहुल और यादव अगले 30 साल तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। उन्होंने दावा कियाभाजपा ही वर्तमान और भविष्य है।

पूर्णिया में गरजे असम सीएम सरमा

राहुल देश को पप्पू मॉडल और प्रधानमंत्री राम मॉडल बनाना चाह रहे

पूर्णिया। पूर्णिया में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' में एनडीए के दिग्गजों का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। जिला परिषद परिसर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस और विपक्ष पर तीखे राजनीतिक बाण चलाए। अपने चिरपरिचित अंदाज में उन्होंने कहा,"कैसा हाल-चाल है आप लोगों का? बहुत बढ़िया है

हिमाचल में भाजपा की पदयात्रा में गरजे जयराम और अनुराग ठाकुर

चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर देश में भ्रम पैदा किया जा रहा



हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार राजनीतिक प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन और पदयात्रा आयोजित की गई। इस दौरान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने भी विपक्ष को कठघरे में कड़ा किया। देश में विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

कर्नाटक-केरल के सीएम इस्तीफा दें

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस को राजनीतिक रुख में स्पष्टता लानी चाहिए। उन्होंने एसआईआर और चुनावी व्यवस्था का जिक्र करते हुए केरल सहित विभिन्न राज्यों के चुनावों की बात उठाई। कर्नाटक और केरल के सीएम इस्तीफा दें।

मान सरकार पर बरसे राहुल गांधी

ड्रग्स बड़ा नासूर, हर शाम नशा करने वाला नहीं कर सकता यह मुकाबला

दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया



एजेंसी ▶▶ संगरूर

